: 14/18/335

To Complete the School Building

02/02/2024 22/02/2024

*14/18/335 Sh. KULDEEP VATS(Badli)

School Education Minister

Will the School Education Minister be pleased to state:-

मैं सदन के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि मेरे विधानसभा क्षेत्र बादली के गाँव सुबाना में किसान माडल स्कूल का निर्माण कार्य सन 2014 में कांग्रेस सरकार के समय पर शुरू हुआ था, जिसकी लागत राशि का आधा भाग भी नहीं लग पाया था भाजपा सरकार के आने के बाद सन 2016 में पता नहीं किस विशेष कारण, किसी विशेष व्यक्ति के कहने से या इस क्षेत्र से किसी विशेष इर्ष्या के तहत इस स्कूल की इमारत का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया था | अब वह निर्माणाधीन इमारत जर्जर होती जा रही है, क्या इस निर्माणाधीन इमारत को पूर्ण करने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठाएगी, मेरी सदन से एक मांग यह भी है कि इस इमारत का निर्माण कार्य पूर्ण करके इस इमारत में ही महिला कॉलेज भी प्रारभ किया जाए जोकि उस क्षेत्र की पुरजोर मांग है क्योंकि वहाँ से दूर-दूर तक कोई भी महिला कॉलेज नहीं है जोकि वहाँ की बहन-बेटियों के लिए एक वरदान साबित होगा और " बेटी बचाओ-बेटी पढाओ" के नारे को भी सार्थक करेगा | कृपया कर माननीय मुख्यमंत्री जी सदन के पटल पर विस्तार से बताए|